# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–01 जनवरी 2026** **सान्ध्य समाचार**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक के साथ देश में सकारात्मक बदलाव लाने का एक अवसर है। वे राष्ट्रपति भवन में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के लिए कौशल विकास–एसओएआर के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। राष्ट्रपति ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का महत्व तेजी से बढ़ रहा है और अब हर किसी के लिए इस तकनीक को सीखना अनिवार्य हो गया है।

**भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय के सौर यानी स्किलिंग फार ए आई रेडिनेस की पहल प्रशंसा का योग्य है। इस पहल के अंतर्गत प्री ए आई मॉड्यूल्स तैयार किये गये हैं। इस मॉड्यूल्स के द्वारा ए आई से जुडे विषयों और मिशन लर्निंग के बेसिक कॉन्सेप्ट के बारे में भी जानकारी मिलती है। इस मिशन का उद्देश्य ए आई के बारे में जागरूकता बढाना, आर्थिक आत्मनिर्भरता को बढावा देना तथा एक टेक ड्रीवेन देश के निर्माण में योगदान देना है।**

**********

केन्द्र सरकार ने इस वर्ष पहली फरवरी से तंबाकू उत्पादों पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क और पान मसालों पर नया उपकर लगाने की अधिसूचना जारी कर दी है। तंबाकू और पान मसालों पर ये नए शुल्क वस्तु और सेवा कर जीएसटी दर के अतिरिक्त होंगे और वर्तमान में इन पर लगने वाले क्षतिपूर्ति उपकर का स्थान लेंगे।

**********

केंद्र सरकार ने चार नई श्रम संहिताओं के लिए मसौदा नियमों को अधिसूचित कर दिया है। इनमें मजदूरी संहिता दो हजार उन्नीस, औद्योगिक संबंध संहिता दो हजार बीस, सामाजिक सुरक्षा संहिता दो हजार बीस और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थिति संहिता दो हजार बीस शामिल हैं।

**********

केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि 'विकसित भारत जी–राम–जी योजना' श्रमिकों के लिए रोजगार को बढ़ावा देगी। उन्होंने किसानों, श्रमिकों, मजदूरों और लखपति दीदियों को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार महिलाओं और किसानों को सशक्त बनाएगी और ग्रामीण उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करेगी।

**********

नये वर्ष के पहले दिन आज पूरे प्रदेश में उमंग और उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर भारी संख्या में श्रद्धालु प्रदेश के विभिन्न धार्मिक स्थलों एवं मंदिरों में पहुंच दर्शन–पूजन कर सुख, शान्ति एवं समृद्धि की कामना कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

***वाराणसी में नववर्ष की शुरूआत बाबा विश्वनाथ और बाबा काल भैरव सहित विभिन्न देव मंदिरों में श्रद्धालुओं के द्वारा दर्शन–पूजन के साथ हुई। काशी विश्वनाथ मंदिर में भारी संख्या में कतारबद्ध हो कर श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए। इस दौरान हर हर महादेव के जयकारे से पूरा परिसर गूंज उठा। वहीं आज नववर्ष के पहले दिन अयोध्या में श्रद्धालु श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के दिव्य दर्शन कर रहे हैं। मिर्जापुर स्थित माँ विन्ध्यवासिनी धाम में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। वहीं महात्मा बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर में भी आज नए वर्ष के मौके पर हजारों देशी–विदेशी पर्यटक पहुंचे हैं। समाचार कक्ष से प्रेम चन्द्र गुप्ता।***

**********

वर्ष दो हजार पचीस भारत की विकास यात्रा में एक निर्णायक काल रहा है। वर्ष दो हजार पचीस में कई नीतियों का देश की प्रगति में उल्लेखनीय योगदान रहा और मजबूत इरादों ने सार्थक परिणाम दिए। हमारी विशेष श्रृंखला 'सुधारों का वर्ष' में आज हम चर्चा कर रहे हैं– वर्ष दो हजार पचीस में देश में आंतरिक और बाहरी सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण के महत्वपूर्ण कार्यों की ।

**राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण –एनआईए के लिए वर्ष 2025 कई उपलब्धियों से भरा रहा और उसने 92 प्रतिशत से अधिक दोषसिद्धि दर का प्रभावशाली रिकॉर्ड बरकरार रखा। वर्ष के दौरान एनआईए ने कई बड़ी सफलताएं हासिल कीं, जिनमें 26/11 हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा का अमरीका से प्रत्यर्पण और पहलगाम तथा दिल्ली आतंकी हमलों में शामिल कई आतंकवादियों और उनके साथियों की गिरफ्तारी शामिल है। अभिकरण ने दिल्ली के लाल किला क्षेत्र में हुए कार विस्फोट मामले की चल रही जांच में भी उल्लेखनीय प्रगति की है जिसमें आतंकी हमले के दो महीने से भी कम समय में नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। समाचार कक्ष से मैं मुकेश कुमार बल।**

**********

प्रदेश के अधिकांश जिलों में कड़ाके की ठंड और कोहरे का प्रभाव कायम है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर सहित कई आसपास के जिलों में भी आज दिन में धूप निकली, हालांकि ठंड का प्रभाव बना हुआ है। मौसम विभाग ने अगले अड़तालीस घंटों में अधिकतम तापमान में चार से छह डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस के बढ़ोत्तरी की संभावना जताई है। विभाग के मुताबिक कल से सात जनवरी तक प्रदेश में कहीं–कहीं घने कोहरे की संभावना है। इस अवधि में मौसम शुष्क बना रहेगा।

**********